682

**विज्ञापन सं0— 01/2022—ME**

# झारखण्ड सरकार
## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

### प्रेस विज्ञप्ति

**राज्य के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के विभिन्न विभागों में टयूटर/वरीय रेजिडेंट के तीन वर्षीय रिक्त टेन्योर पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के नियंत्रणाधीन शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद, एम0जी0एम0 चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमशेदपुर, फुलो झानो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, दुमका, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, पलामू एवं शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, हजारीबाग के विभिन्न विभागों में टयूटर/वरीय रेजिडेंट के रिक्त पदों पर Walk-in–Interview के माध्यम से नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है। रिक्ति की वर्त्तमान स्थिति निम्नवत है, जो कम या अधिक हो सकती है :–

**रिक्ति की विवरणी :–**

| क्रमांक | विभाग | कुल | नियमित | | | | | | बैकलॉग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | BC-1 | BC-2 | EWS | ST | SC | BC-1 |
| 1 | एनाटोमी | 7 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | फिजियोलॉजी | 10 | 7 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | बायोकेमेस्ट्री | 11 | 5 | 2 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 4 | माईक्रोबायोलॉजी | 6 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | टी0बी0 एण्ड चेस्ट | 6 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 |
| 6 | ई0एन0टी0 | 6 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | रेडियोलॉजी | 9 | 5 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | रेडियोथेरापी | 15 | 7 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | निश्चेतना | 16 | 8 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | मनोरोग | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | फिजिकल मेडिसीन एण्ड रिहैबिलिटेशन | 10 | 5 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल | | 100 | 48 | 20 | 8 | 7 | 3 | 8 | 3 | 2 | 1 |

2. **योग्यता:**—वरीय रेजिडेंट/ टयूटर के पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एम0बी0बी0एस0 के साथ साथ विषय—विशेष में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा उपाधि होगी।

3. **चयन का आधार :–** चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया के अर्न्तगत तत्संबंधी अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की जाँच की जायेगी। तदनुसार विभागवार रिक्ति के विरूद्ध चयन समिति द्वारा वाक— इन— इन्टरव्यू के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायेगी। यह नियुक्ति तीन वर्षो के Tenure Post के विरूद्ध की जायेगी।

4. **मानदेय:**—75000/— रूपये प्रतिमाह। परन्तु वैसे चिकित्सक जो राज्य स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के सदस्य हैं, उन्हें टयूटर/वरीय रेजिडेंट के टेन्योर अवधि में अपना वेतनमान एवं अन्य भत्ता इत्यादि देय होगा।

5. **नियुक्ति की शर्त्ते :–**

(क) कोई भी व्यक्ति यदि किसी टेन्योर पद पर नियुक्त होते है तो वे सिर्फ एक टेन्योर अवधि के लिए ही पद धारण कर सकेंगे। उक्त टेन्योर पद पर विषय विशेष में एक बार से अधिक किसी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो सकेगी।

(ख) वैसे चिकित्सक जो पूर्व से वरीय रेजिडेंट का टेन्योर पद कहीं से पूर्ण कर चुके हैं, वे विषय विशेष में वरीय रेजिडेंट के वर्त्तमान पद पर आवेदन देने के योग्य नहीं होंगे।

(ग) यदि कोई आवेदक एक से अधिक विषयों के लिए आवेदन करेंगे तो उन्हें अपनी इच्छित विषयों में प्राथमिकता स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। उचित प्राथमिकता के अभाव में प्रथम उपलब्ध स्थान पर उन्हें चयनित किया जायेगा।

(घ) टेन्योर अवधि की समाप्ति के उपरान्त वैसे पदधारक जो झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के सदस्य हैं, धारित टेन्योर पद से स्वतः वे मुक्त हो जायेंगे और वे अपने मूल संवर्ग में वापस हो जाएँगे।

(ड0) वैसे चिकित्सक जो राज्य स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के सदस्य नहीं हैं, उनकी टेन्योर समाप्ति के पश्चात उनके द्वारा धारित टेन्योर पद से स्वतः मुक्त हो जायेंगे।

6. **अधिकतम उम्र सीमाः**—ट्यूटर/वरीय रेजिडेंट के पद पर नियुक्ति के लिए एम0सी0आई0 द्वारा निर्धारित उम्र सीमा के अनुरूप सभी कोटि के लिए अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी। सरकारी सेवा में कार्यरत चिकित्सकों को उम्र सीमा में 05 वर्ष की छुट दी जायेगी।

7. **वाक–इन–इन्टरव्यूः**—निदेशक, चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में IPH Institute, RCH Campus, Namkum, Ranchi के सभागार में दिनांक–16.09.2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक निर्धारित है।

8. सभी इच्छुक उम्मीदवार वेबसाईट– **www.Jharkhand.gov.in** पर **Publication & Announcement** के अन्तर्गत **Recruitment** पर दिये गये आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्णरूपेण भर कर, सभी मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ वाक–इन–इन्टरव्यू आयोजन की तिथि को भाग लेंगे।

3/9/2022
(आलोक त्रिवेदी)
सरकार के अपर सचिव।

(680)

# झारखण्ड सरकार
## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,
नेपाल हाउस, राँची– 834002

**राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के विभिन्न विभागों में टयूटर/वरीय रेजिडेंट के तीन वर्षीय रिक्त टेन्योर पदों पर वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र**

विज्ञापन सं0:–01/2022–ME

1. आवेदित पद/विभाग का नामः–

स्वहस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं

2. आवेदक का नामः–
   (क) हिन्दी मेंः–..........................................
   (ख) अंग्रेजी के बड़े अक्षरों मेंः–..........................................
   (ग) पिता/पति का नामः–..........................................
3. जन्म तिथिः– (अंक में)..........................................
   (शब्द में)..........................................
4. स्थायी पत्ताः–ग्राम/मोहल्ला..........................................
   पोस्ट.:–.......................... थानाः–..........................
   जिलाः–..........................राज्यः–..........................पिन कोडः–..........................
5. पत्राचार का पत्ताः– वर्त्तमान पता/मोहल्ला..........................................
   पोस्ट.:–.......................... थानाः–..........................
   जिलाः–..........................राज्यः–..........................पिन कोडः–..........................
   ई–मेल :– ..........................................मो0नं0–..........................
6. आरक्षण कोटिः–..........................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. शैक्षणिक योग्यताः–

| क्र0सं0 | उतीर्ण परीक्षा | बोर्ड/वि0 वि0/संस्था का नाम | वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम0बी0बी0एस0 | | | | | |
| 2.. | एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डिप्लोमा इत्यादि | | | | | |
| 3. | अन्य प्रमाण पत्र | | | | | |

8. आवेदक सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे।
9. आरक्षण का दावा हेतु सक्षम स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे।

10. आवेदक झारखण्ड स्वास्थ्य सेवा के चिकित्सक हैं तो प्रथम प्रभार प्रतिवेदन, वर्त्तमान पदस्थापित स्थान का प्रभार प्रतिवेदन एवं वेतनपुर्जा संलग्न करेंगे।

11. अनुलग्नकों की सूचीः—

a) ..........................................................................................

b) ..........................................................................................

c) ..........................................................................................

d) ..........................................................................................

e) ..........................................................................................

f) ..........................................................................................

g) ..........................................................................................

h) ..........................................................................................

i) ..........................................................................................

j) ..........................................................................................

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी विवरणी सत्य है। किसी प्रकार की गलत सूचना एवं अनुमान्य अर्हता/अनुभव नहीं पाये जाने पर आवेदन अस्वीकृत करने या किसी भी निर्णय के लिए चयन समिति, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सक्षम होगा तथा जो मुझे स्वीकार होगा।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

स्थानः—

दिनांकः—